तापमान

अधिकतम 37 .5 डिग्री
न्यूनतम 15 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार 9 मार्च 2026



12 100 मीटर दौड़ अंडर-13 वर्ग में रितु ने मारी बाजी ...





12 38 दिव्यांगों को मिले कृत्रिम अंग, अब जिंदगी ...




## खबर संक्षेप

### घर से चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**पिहोवा।** पुलिस ने घर से चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पवन कुमार अंबाला को गिरफ्तार करके चोरीशुदा सोने के गहने बरामद करने में सफलता हासिल की है। थाना शहर पिहोवा पुलिस को दी अपनी शिकायत में मंगत राम वासी फौजी प्लाट पिहोवा ने बताया कि 25 दिसम्बर 25 को अपने परिवार के साथ यमुनानगर शादी में गया हुआ था। दोहपर के समय उसके छोटे भाई ने फोन पर बताया कि उसके घर का ताला टुटा हुआ है। जब वह घर पहुंचे और अंदर जाकर घर का सामान चैक किया तो घर से सोने-चांदी के गहने, करीब 2 लाख की नकदी तथा घरेलू सामान गायब मिले। जिसे कोई नामालूम चोर चोरी करके ले गया। जिसकी शिकायत पर थाना शहर पिहोवा में मामला दर्ज करके जांच की गई।

### फर्जी तरीके से बनाई प्रॉपर्टी आईडी, केस

**यमुनानगर।** नगर निगम में फर्जी तरीके से प्रॉपर्टी आईडी बनाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने उप निगम आयुक्त की शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

### विदेश भेजने के नाम पर हड़पे पांच लाख रुपये

**यमुनानगर।** विदेश भेजने के नाम पर गांव राजपुरा निवासी नवजोत कौर से पांच लाख रुपये हड़प लिए गए। नवजोत कौर पति तलविंदर सिंह को विदेश भेजना चाहती थी। पैसे ऐंठने का आरोप पलविंदर सिंह पर लगा है। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव राजपुरा निवासी नवजोत कौर ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पति तलविंदर सिंह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान पलविंदर ने उन्हें बताया कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। वह आरोपी की बातों में आ गए। आरोपी ने एक अगस्त 2025 से 18 दिसंबर 2025 के बीच उससे अलग-अलग करके पांच लाख रुपये तथा दस्तावेज ले लिए।

### घर से नकदी, आभूषण और अन्य सामान चोरी

**यमुनानगर।** फरकपुर थाना क्षेत्र के आर्य नगर कॉलोनी में चोरों ने रात के समय घर में घुसकर 36 हजार रुपये की नगदी, चांदी के आभूषण तथा अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं, गांव गुंदियाना निवासी रामरतन ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसने भेड़ें पाल रखी है। चोरों ने बाड़े 15 भेडें चोरी कर ली।

### दोनों आरोपियों से 520 ग्राम हेरोइन बरामद

# यूपी से हेरोइन लेकर यमुनानगर में बेचते थे तस्कर, दो दबोचे

- हेरोइन की कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई जा रही है
- कार्रवाई पुलिस की विशेष टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर की गई
- पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गांव बाकरपुर के पास से कार सवार दो युवकों को गिफ्तार कर उनके कब्जे से 520 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपियों से पकड़ी गई हेरोइन की कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। जानकारी के अनुसार एडिशनल एसपी अमरेंद्र सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि शनिवार शाम को एंटी नारकोटिक सेल के इंचार्ज अनिल कुमार को गुप्त सूचना मिली कि दो नशा तस्कर कार में सवार होकर उतर प्रदेश से कलानौर से होते हुए अमादलपुर के रास्ते से जगाधरी की तरफ हेरोइन बेचने के लिए आएंगे।




**यमुनानगर।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम द्वारा पकड़े गए आरोपी नशा तस्कर।

#### चार दिन के रिमांड पर लिया

टीम ने तुरंत गांव बाकरपुर मेन सड़क के बीच में नाकाबंदी करके जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद पुलिस टीम को कार में दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने पूछताछ की तो उनकी पहचान जिला पानीपत के गांव जलालपुर निवासी जावेद व आसिफ के नाम से हुई। तलाशी के दौरान आरोपी जावेद से 260 ग्राम हेरोइन व आरोपी आसिफ से भी 260 ग्राम हेरोइन कुल 520 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। एडिशनल एसपी ने बताया कि रिमांड के दौरान आरोपियों से हेरोईन बेचने वाले व खरीदने वालों का पता लगाया जाएगा।

## अंबाला में 1.2 किग्रा अफीम समेत तस्कर गिरफ्तार

- आरोपी की पहचान रणबीर, जिला बदायूं (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई

**अंबाला।** सीआईए नारायणगढ़ की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए 1 किलो 201 ग्राम मादक पदार्थ (अफीम) के साथ एक नशा तस्कर को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। प्रभारी उप-निरीक्षक जरनैल सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति नशीले पदार्थ की बड़ी खेप लेकर क्षेत्र से गुजरने वाला है। सूचना के आधार पर टीम ने गांव सौंतली मोड़ से संदिग्ध को काबू किया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 1 किलो 201 ग्राम अफीम बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी की पहचान रणबीर, निवासी फतेह नगला, जिला बदायूं (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। पुलिस ने अब आरोपी को रिमांड पर लिया है।



**अंबाला।** अफीम के साथ काबू किया गया आरोपी।

### कार को टक्कर मारने को लेकर हुई थी वारदात

# कार सवार युवकों ने ट्रक चालक को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

152-डी हाईवे पर दो कार में सवार 4 बदमाशों ने ट्रक ड्राइवर पर डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में कुरुक्षेत्र के इस्माइलाबाद के गुरमीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रक का पीछा करते आ रहे आरोपियों ने ड्राइवर को जबरन रुकवाकर बेरहमी से पीटा। जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। बलदेव नगर थाना पुलिस ने गुरमीत की शिकायत पर विराज, जीवनप्रीत, चिराग व अनमोल पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पीड़ित ट्रक चालक गुरमीत सिंह ने बताया कि 28 फरवरी को वह पटियाला से बलदेवनगर की ओर आ रहा था। जैसे ही वह 152-डी हाईवे पर सद्दोपुर के पास पहुंचा तो कार में सवार 3-4 युवकों ने गाड़ी को रोक लिया। बदमाशों ने उसे नीचे उतारकर मारना शुरू कर दिया। आरोपी बोल रहे थे कि तुमने उनकी गाड़ी को टक्कर मारी है। घायल गुरमीत ने बताया कि मुख्य आरोपी विराज ने नुकीली चीज से कमर के पीछे वार किया अन्य आरोपी जीवनप्रीत वासी मटहेड़ी शेखां चिराग वासी सुल्लर व अनमोल ने डंडों से सिर व टांगों पर वार किए। राहगीरों ने उपचार के लिए अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल पहुंचाया था।

### आधा दर्जन युवकों ने दो भाइयों को पीटकर किया घायल

**यमुनानगर।** कस्बा व्यासपुर की सरस्वती नगर कॉलोनी में कहासुनी होने पर आधा दर्जन युवकों ने दो भाईयों को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आधा दर्जन आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। व्यासपुर की जैन कॉलोनी निवासी अमन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले सरनप्रीत व विशाल वाल्मीकि तथा अन्य युवकों के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय अन्य मामला शांत करवा दिया था मगर इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। पांच फरवरी को आरोपी सरनप्रीत, विशाल वाल्मीकि, जशन संधू, आदित्य डडवाल, उदय व सक्षम सागवान ने मारपीट शुरू कर दी।

# शातिर से 43 लाख की रिकवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- आरोपी को सुभाष पार्क के पास से काबू किया था

सीआईए-2 की टीम ने थाना महेश नगर क्षेत्र में सक्रिय एक शातिर चोर के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। रिमांड के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 18 लाख रुपये कीमत के सोने और चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। गौरतलब है कि इसी आरोपी से पहले भी चोरी के तीन मामलों में 25 लाख की रिकवरी हो चुकी है जिसे मिलाकर अब तक कुल 43 लाख रुपये के गहने बरामद किए जा चुके हैं। निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि तकनीकी संसाधनों की मदद से आरोपी राहुल कुमार को सुभाष पार्क के पास से काबू किया था। आरोपी से चोरी के चार मामलों में गहने बरामद किए जा चुके हैं

#### दो नेकलेस टॉप्स और दो अंगूठियां बरामद

चार जोड़ी चांदी की पाजेब और दो जोड़ी चांदी की चुकटी एक चांदी का कमरबंद और 40 चांदी के सिक्के बरामद किए हैं। आरोपी राहुल कुमार बेहद शातिर किस्म का अपराधी है। उस पर चोरी के 42 मामले दर्ज हैं। वह अपनी पहचान छुपाने के लिए दस्ताने पहनता था और सीसीटीवी कैमरों से बचने के लिए मुंह ढककर वारदातों को अंजाम देता था। वह अक्सर बंद घरों में सेंध लगाकर सोने, चांदी और नकदी पर हाथ साफ करता था।




**अंबाला।** चोरी के आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

### पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के समर्थन में आए सामाजिक कार्यकर्ता गुरदयाल, बोले -जाट आरक्षण के दौरान आगजनी से भारी नुकसान हुआ था

# धर्मेंद्र हुड्डा ने जिनके नाम लिए उन पर कड़ा संज्ञान ले खाप पंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जाट आरक्षण के दौरान पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की कोठी पर हमला व आगजनी मामले में विदेश में बैठे धर्मेंद्र हुड्डा द्वारा जारी किए वीडियो में किए गए खुलासे ने सियासी हलचल मचा दी है। इस खुलासे के बाद गांव कड़ामी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता गुरदयाल कड़ामी ने प्रेस वार्ता कर धर्मेंद्र द्वारा जारी वायरल वीडियो पर खाप पंचायत से कड़ा संज्ञान लेने की मांग की है। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में धर्मेंद्र हुड्डा ने कई लोगों का नाम लिया है। गुरदयाल कड़ामी ने सभी धार्मिक, राजनीतिक संस्थाओं व खाप पंचायतों से आग्रह किया कि वीडियो में धर्मेंद्र हुड्डा जिन लोगों के नाम ले रहा है वे उस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए कैप्टन अभिमन्यु की खुलकर मदद करे। कैप्टन अभिमन्यु के साथ इतना बड़ा घिनौना काम किया गया, उनकी कोठी में आग लगाई गई जिससे कोठी में रखा सामान जल गया। कैप्टन अभिमन्यु ने उसके बावजूद भी खाप पंचायतों के कहने पर उनको माफ कर दिया। इसलिए खाप पंचायतों को कैप्टन अभिमन्यु की मदद करनी चाहिए। इस अवसर पर तिलक राज संधौला, ज्ञान सिंह, नायब इशरहेडी, राय सिंह घिसरपड़ी व रशपाल मौजूद रहे।



**कुरुक्षेत्र।** पत्रकारों से बातचीत करते सामाजिक कार्यकर्ता गुरदयाल कड़ामी व सतबीर मंगौली। फोटो : हरिभूमि

#### आगजनी बहुत ही निंदनीय कार्य था

धर्मेंद्र हुड्डा ने वीडियो में जिनका भी नाम लिया है वे इस बारे में अपना स्पष्टीकरण दें। वहीं, इस मामले में सामाजिक कार्यकर्ता सतबीर मंगौली ने कहा कि जाट आरक्षण के दौरान की गई आगजनी बहुत ही निंदनीय कार्य था। धर्मेंद्र की वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए सतबीर मंगौली ने कहा कि वीडियो में जिन लोगों के नाम उभर का सामने आए है उन पर भी खाप पंचायत को संज्ञान लेना चाहिए।

### म्हारी बेटियां मेहनत, साहस और प्रतिभा से पूरे देश का नाम कर रही रोशन

*हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया*

# प्रदेश में 3 लाख बेटियों को निःशुल्क लगाई जाएगी एचपीवी की वैक्सीन : सुमन सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हमें हरियाणा की उन बेटियों और महिलाओं पर गर्व है जिन्होंने अपनी मेहनत, साहस और प्रतिभा से न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। हरियाणा की धरती, जिसे कभी केवल किसानों और जवानों की भूमि कहा जाता था, आज बेटियों की उपलब्धियों के कारण पूरे विश्व में पहचानी जा रही है। हरियाणा की बेटियां आज अपना खेल, विज्ञान, शिक्षा, सेना, प्रशासन और अंतरिक्ष तक अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी रविवार को लाडवा में महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 3 लाख बेटियों को एचपीवी वैक्सीन निःशुल्क लगाई जाएगी। हमारी जिन बेटियों की आयु 14 वर्ष हो गई है परंतु 15 वर्ष नहीं हुई है। यह हमारी बेटियों के स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण कदम है। ताकि गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव किया जा सके। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।



**लाडवा।** दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं उपाध्यक्ष सुमन सैनी।

#### उत्कृष्ठ कार्य करने वाले सम्मानित

कार्यक्रम में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली महिला कर्मचारियों और विभिन्न क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वाली युवतियों, महिलाओं और खिलाड़ियों को सम्मानित किया। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं व युवतियों को सम्मानित किया। कनिष्का सैनी, कशिश शर्मा, मुस्कान सैनी, स्नेहा देवी, गरिमा, आदी, हिमांशी पाल, रीना, पिंकी, वंशिका, आरुषि, वेनिका, प्रतिक्षा, हंसिका गोयल शामिल रही। रेखा रानी, रविना, रुबि कुमारी, मंजू पुनिया, अंजू, सुमन लत्त, रजनी, डिम्पल, अमरजीत कौर, सुनीता, गीता, रेशमा, लखविंद्र कौर, सुनीता रानी, सीमा, पुपिंद्र कौर को सम्मानित किया गया।




कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद

श्री नवीन जिन्दल जी

को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं...

आपका जीवन समाज-कल्याण के लिए समर्पित है।
राष्ट्रीय ध्वज को जन-जन तक पहुंचाने में आपकी भूमिका,
शिक्षा व कौशल विकास से युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने का संकल्प
और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास, आपको एक सच्चे जननायक
के रूप में स्थापित करते हैं।
आपका स्नेहिल मार्गदर्शन जनमानस के लिए प्रेरणा का स्रोत है।



स. तेजिन्द्र सिंह गोल्डी
जिला अध्यक्ष, भाजपा कुरुक्षेत्र




श्री सुभाष सुधा
पूर्व मंत्री हरियाणा सरकार



श्री जयभगवान शर्मा
वरिष्ठ भाजपा नेता



मा. सुभाष कलसाना
वरिष्ठ भाजपा नेता



श्री कैलाश सैनी
मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी, कुरुक्षेत्र

खबर संक्षेप

## शिविर में 60 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया

**घरौंडा।** अग्रवाल युवा संगठन व महाराजा अग्रसेन भवन सभा की ओर से देवी मंदिर के हॉल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रविवार को आयोजित रक्तदान शिविर का दीप प्रज्वलित कर व महाराजा अग्रसेन जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर का शुभारंभ किया। वक्ताओं ने कहा है रक्तदान करना महादान होता है, इसीलिए युवाओं ने ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं होती। इसी के साथ उन्होंने सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं ने आह्वान किया कि सभी संस्थाएं अधिक से अधिक रक्तदान शिविर लगाने चाहिए, ताकि रक्त से किसी जान बचाई जा सके। कार्यक्रम में सभी रक्तदाताओं को प्रशंसित पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ दीपक कुमार, डॉ संजय वर्मा, शुभम गुप्ता, इशू जैन, राघव गुप्ता, सुरेश मित्तल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## खेल प्रतियोगिताओं के साथ मनाया महिला दिवस



**करनाल।** हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों के बीच वॉलीबॉल और रस्साकशी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अकादमी की निदेशक कला रामचंद्रन के निर्देश पर उप पुलिस अधीक्षक मनीषा को कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता के पुरुष और महिला वर्ग में लोअर स्कूल कोर्स की टीमों ने जीत हासिल की, जबकि रस्साकशी प्रतियोगिता में अल्पावधि कोर्स और लोअर स्कूल कोर्स की टीमें विजेता रहीं। उप पुलिस अधीक्षक मनीषा ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि हमें ऐसा सुरक्षित समाज बनाने के लिए मिलकर प्रयास करने चाहिए, जहां महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के समान अवसर मिल सकें। जब महिलाओं को अवसर मिलता है तो पूरा समाज आगे बढ़ता है।

## प्लास्टिक हटाओ, भूख मिटाओ की नई पहल



**तरावड़ी।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत सचिव अजीत कुमार नगर पालिका तरावड़ी के आदेश अनुसार महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से महिलाओं द्वारा किए जा रहे सराहनीय कदम को उजागर किया गया। तरावड़ी शहर की नई अनाज मंडी में विशेष रूप से किसानों व मजदूरों के लिए कैंटीन बनाई गई है। वैसे तो यहां बहुत कम रेट यानी 10 प्रति प्लेट के हिसाब से चार्ज लिया जाता है लेकिन इस कैंटीन की खास विशेषता प्लास्टिक हटाओ भूख मिटाओ मुहिम को चलना है। महिला स्वयं सहायता समूह की प्रधान रोशनी देवी ने बताया कि हमारे यहां जो कोई भी वेस्ट प्लास्टिक लेकर आएगा उसी हिसाब से उसको खाना परोसा जाएगा।

# अफीम की खेती का भंडाफोड़ 650 पौधे बरामद, एक गिरफ्तार

### घर और खेत में उगाई जा रही थी अफीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



**करनाल।** सीआईए की पकड़ में अफीम की खेती करने का आरोपी। *फोटो : हरिभूमि*

करनाल जिले में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से अफीम की खेती का भंडाफोड़ किया है। सीआईए अवैध टीम ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके घर और खेत से अफीम के 650 पौधे बरामद किए हैं। बरामद पौधों का कुल वजन करीब 43 किलो 215 ग्राम पाया गया है।

- बरामद पौधों का कुल वजन करीब 43 किलो 215 ग्राम पाया गया

पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिला पुलिस करनाल की सीआईए अवैध टीम नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चला रही थी। इसी दौरान सीआईए अवैध टीम के निरीक्षक कुलदीप के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। सहायक उप निरीक्षक खेमेंचंद की अगुवाई में पुलिस टीम ने आरोपी को काबू कर उसके ठिकानों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस को आरोपी के घर और खेत में अफीम के पौधे उगाए हुए मिले। गिनती करने पर कुल 650 नशीले पौधे बरामद हुए। पुलिस ने सभी पौधों को कब्जे में लेकर उनका वजन किया, जो 43 किलो 215 ग्राम निकला। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। रिमांड में होगी गहन पूछताछ जांच अधिकारी के अनुसार रिमांड के दौरान आरोपी से गहन पूछताछ की जाएगी। पता लगाया जाएगा कि अफीम की खेती कब से की जा रही थी और इस काम में कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल है या नहीं। पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी

### गांव गोंदर का रहने वाला आरोपी

पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी गांव गोंदर का निवासी ओम प्रकाश पुत्र राम कुमार है। उसके खिलाफ थाना नीलोखेड़ी में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।

## जिला कांग्रेस की बैठक में जनसंपर्क अभियान पर चर्चा

**करनाल।** जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक जिला महासचिव सुरेंद्र नंबरदार के कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शहरी जिलाध्यक्ष पराग गाबा ने की, जबकि पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिव्यांशु बुद्धिराजा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने, जनसंपर्क अभियानों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। जिला उपाध्यक्षों और पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में किए गए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं की टीमें गठित की गई हैं, जो क्षेत्र में सक्रिय रहकर जनता की समस्याएं सुन रही हैं और उन्हें पार्टी नेतृत्व तक पहुंचा रही हैं। शहरी जिलाध्यक्ष पराग गाबा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है और संगठन को सशक्त बनाने के लिए कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं। पार्टी की प्राथमिकता आम जनता से जुड़े मुद्दों को उठाना और उनके समाधान के लिए संघर्ष करना है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर बिंदर पोसवाल, तरुण चौहान, ललित आहूजा, दीपक महाजन, दीपक चौधरी, विनोद तीतोरिया, परवीन पुनिया, निश्चय सोई, सुरेश चौधरी, भारत ढिल्लों, रमेश जोगी, गुरमीत सिंह, शारदा सिंधु, राकेश कुमार, शेर सिंह डबरी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डेयरी मेला किसानों की आय बढ़ाने में सहायक : राणा



- एनडीआरआई में आयोजित तीन दिवसीय डेयरी मेला एवं किसान एक्सपो का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि राष्ट्रीय डेयरी मेला एवं किसान एक्सपो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए खेती के साथ पशुपालन, बागवानी और अन्य सहायक गतिविधियों को मजबूत करना आवश्यक है।

वे रविवार को राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय डेयरी मेला एवं किसान एक्सपो 2026 के समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता पशुओं और किसानों को सम्मानित किया तथा मेले में लगाई गई प्रदर्शनी और स्टॉलों का भी अवलोकन किया। इस प्रकार के मेले किसानों को नई तकनीक, उन्नत नस्ल के पशु और आधुनिक कृषि पद्धतियों की जानकारी प्रदान करते हैं, जिससे किसानों की आय में वृद्धि संभव होती है। हरियाणा की संस्कृति में दूध-दही और पशुपालन का विशेष महत्व रहा है और प्रदेश की देसी नस्लें, विशेषकर मुर्रा भैंस और देसी गाय, दूध उत्पादन में अहम योगदान देती हैं। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि बदलते समय के साथ खेती के तौर-तरीकों में बदलाव जरूरी है। पानी की बचत के लिए स्प्रिंकलर और आधुनिक सिंचाई प्रणाली अपनानी चाहिए, जिससे उत्पादन लागत कम होगी और संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सकेगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एनडीआरआई के निदेशक डॉ. धीर सिंह, केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. आर.के. यादव, गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. एन.एच. मोहन तथा नाबार्ड हरियाणा के महाप्रबंधक गुरइकबाल सिंह सहित कई वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने भी अपने विचार रखे।

# देवी मंदिर में लगाए शिविर में 276 यूनिट रक्त एकत्रित



- थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के सहायतार्थ लगाया गया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री


मदन मेमोरियल पब्लिक स्कूल इंद्री व जिला रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से देवी मंदिर इंद्री में 30वां विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह रक्तदान शिविर विशेष रूप से थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए लगाया गया। इस मौके पर 276 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

सभी रक्तदाताओं को बैंज लगाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। रक्त एकत्रित करने में कल्पना चावला अस्पताल व सिविल हस्पताल की टीमों ने सहयोग किया। समाजसेवी कपिल किशोर ने बताया कि थैलेसीमिया एक ऐसी बीमारी है जिसमें मरीज के रक्त को बार बार बदलने की जरूरत होती है। ऐसे में मरीजों को रक्त की कमी ना हो इसलिए लगातार ऐसे रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता रहता है। उन्होंने बताया कि थैलेसीमिया बीमारी से बचने के लिए प्रत्येक गर्भवती महिला व शादी से पहले लडका -लडकी के रक्त की जांच अवश्य करवानी चाहिए ताकि इस बीमारी का शुरूआत से ही पता चल सके। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर रक्तदाता डा. सुरेश सैनी ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। एक स्वस्थ व्यक्ति को साल में कम से कम चार बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

### पेट्रोप पंप पर जांची व्यवस्थाएं

# समान रूप से विकास कार्य करना पहली प्राथमिकता : कबीरपंथी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी



**तरावड़ी।** विधायक भगवान दास कबीरपंथी अपने निवास स्थान पर लोगों की समस्याएं सुनते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हलका विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने निवास स्थान पर क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं सुनने के बाद कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक हिस्से में समान रूप से विकास कार्य करना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी गांव, वार्ड या मोहल्ले की अनदेखी नहीं की जाएगी और सभी स्थानों पर लोगों की जरूरतों के अनुसार विकास योजनाओं को लागू किया जाएगा।

विधायक कबीरपंथी ने कहा कि सड़कों, पेयजल, बिजली, स्वच्छता और अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाना जरूरी है, ताकि क्षेत्र के लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि विकास कार्यों की योजना बनाते समय स्थानीय लोगों की राय को भी महत्व दिया जाएगा, जिससे हर इलाके की वास्तविक समस्याओं का समाधान किया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि हलके के संतुलित विकास के लिए प्रशासन और जनता के बीच बेहतर समन्वय होना आवश्यक है। इसके लिए समय-समय पर लोगों से संवाद किया जाएगा और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का प्रयास किया जाएगा। सभी के सहयोग से हलके में विकास की गति तेज होगी और क्षेत्र के हर हिस्से तक सुविधाएं पहुंचाने का लक्ष्य सफलतापूर्वक पूरा किया जा सकेगा। हल्के के विकास को लेकर कबीरपंथी ने कहा कि उन्होंने बीते विधानसभा सत्र के दौरान भी क्षेत्र से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि हलके की सडक़ों, पेयजल व्यवस्था, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं से संबंधित मुद्दों को विधानसभा में मजबूती से रखा गया, ताकि सरकार का ध्यान इन समस्याओं की ओर आकर्षित हो सके। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। विधानसभा में उठाई गई कई मांगों पर सरकार ने सकारात्मक रुख दिखाया है और उन पर जल्द ही काम शुरू होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हलके के विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है, ताकि हर वार्ड तक विकास की रोशनी पहुंच सके।

## डियर पार्क बनाने की घोषणा पर ग्रामीणों ने जताई खुशी

**घरौंडा।** गांव हसनपुर में लगभग 85 करोड़ की लागत से डियर पार्क बनेगा। जिसको लेकर ग्रामीण काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों ने लड्डू बांट कर खुशी जाहिर करते हुए हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण का आभार जताया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पार्क का निर्माण होने से गांव में विकास कार्यों के साथ साथ युवाओं को रोजगार के साधन भी स्थापित होंगे। बजट सत्र में गांव हसनपुर में लगभग 85 करोड़ की लागत से डियर पार्क बनाने की घोषणा से विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों में एक अध्याय जुड़ा है। गांव हसनपुर में विधानसभा क्षेत्र में पहला पर्यटन स्थल बन सकता है। गांव हसनपुर में लगभग सौ एकड़ में एक जंगल फैला हुआ है। जंगल में ऐसा कोई साधन नहीं था। ग्रामीणों ने स्पीकर हरविंद्र कल्याण को कई बार जंगल की कायापलट करने की मांग की थी। जिसके बाद हरविंद्र कल्याण ने फॉरेस्ट विभाग में पत्र व्यवहार किया और सौ एकड़ में डियर पार्क बनवाने की घोषणा कर दी। गांव हसनपुर में डियर पार्क की घोषणा होने पर गांव हसनपुर के ग्रामीणों ने लड्डू बांट कर खुशी जाहिर करते हुए रविंद्र कल्याण का आभार जताया है।

## कांग्रेस में रामेश्वर को नई जिम्मेदारी

**करनाल।** कटाबाग गांव निवासी पूर्व पार्षद प्रत्याशी रामेश्वर कश्यप को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने ओबीसी सेल का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस अवसर पर उनके निवास पर आयोजित समारोह में कांग्रेस के शहरी जिलाध्यक्ष पराग गाबा और लोकसभा प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। पराग गाबा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की विचारधारा पर काम करती है। रामेश्वर कश्यप की नियुक्ति से संगठन को मजबूती मिलेगी और ओबीसी समाज में पार्टी का जनाधार बढ़ेगा। दिव्यांशु बुद्धिराजा ने कहा कि कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं का सम्मान करना जानती है और नई जिम्मेदारी से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। रामेश्वर कश्यप ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताया।

### फव्वारा पार्क योग कक्षा में मनाया महिला सशक्तिकरण दिवस

# महिला दिवस पर योग शिक्षिकाओं का सम्मान

- योग गुरु दिनेश गुलाटी ने किया शिक्षिकाओं को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



**करनाल।** महिला दिवस पर योग शिक्षिकाओं का सम्मान करते हुए योग गुरु दिनेश गुलाटी। *फोटो : हरिभूमि*

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सेक्टर-12 स्थित फव्वारा पार्क में चल रही योग कक्षा में महिला सशक्तिकरण दिवस मनाया गया। मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में योग गुरु दिनेश गुलाटी ने मिशन में सक्रिय भूमिका निभाने वाली महिला शिक्षिकाओं को सम्मानित किया।

दिनेश गुलाटी ने कहा कि आज महिलाएं समाज को जागरूक करने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। योग शिक्षिकाएं समाज को स्वस्थ बनाने के मिशन में निरंतर योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन संस्कृति में नारी को हमेशा सम्मानित स्थान मिला है और आज की महिला उसी परंपरा को सशक्त रूप से आगे बढ़ा रही है। इस अवसर पर नीलम बटला, निधि गुप्ता, एनएफ चौधरी सहित अन्य महिलाओं को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

### हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका

कार्यक्रम में मौजूद शिक्षिकाओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और समाज में अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं। कार्यक्रम में बरखा जिंदल, बिना सेठ, वीना गोयल, शिवानी कंबोज, राधिका सहित अन्य महिलाओं ने भी महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए अपने विचार रखे।

## महिला का हत्यारोपी एक दिन के रिमांड पर

**घरौंडा।** एसडी मंदिर के पास एक मार्किट में खाली पड़ी जिम में एक 22 वर्षीय महिला की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और न्यायालय में पेश कर दिया है। पुलिस ने मामले की तह तक पहुंचने के लिए पुलिस ने आरोपी को एक दिन के रिमांड पर ले लिया है। बता दे कि शुक्रवार की रात को एसडी मंदिर के पास एक मार्किट में खाली पड़ी है में एक 22 वर्षीय महिला पूनम का शव पुलिस वाला बरामद किया था। महिला के शव को लेकर आसपास के दुकानदारों में हड़कंप की स्थिति बन गई थी। घटना की सूचना पुलिस व एफएसएल टीम को दी गई थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सभी पहलुओं पर जांच कर शव का पोस्टमार्टम करवा कर शनिवार को परिजनों को सौंप दिया था।

## न्यूज डायरी

### करनाल के शिक्षकों की जोड़ी बनी प्रेरणा



मिहिर वैनर्जी व गगन वैनर्जी

**करनाल।** करनाल के शिक्षाविद मिहिर वैनर्जी और उनकी पत्नी गगन वैनर्जी शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में प्रेरणादायी उदाहरण बन चुके हैं। दोनों ने वर्षों से युवाओं को मार्गदर्शन देकर सैकड़ों विद्यार्थियों को विभिन्न प्रशासनिक सेवाओं तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। मिहिर वैनर्जी पिछले तीन दशकों से युवाओं को अंग्रेजी भाषा और साक्षात्कार की तैयारी करवाते आ रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में कई युवाओं ने आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, पीसीएस, एचसीएस सहित विभिन्न प्रशासनिक सेवाओं में सफलता हासिल की है। वैनर्जी दंपत्ति ने सामाजिक क्षेत्र में भी सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ आवाज उठाते हुए अपनी बेटी के जन्म पर यमुनानगर के अरनौली गांव में पहली बार बेटियों के नाम लोहड़ी मनाकर समाज को संदेश दिया। उनकी बेटियां अनन्या वैनर्जी और संजोली वैनर्जी भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सेवा कार्यों में सक्रिय हैं। शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में यह दंपत्ति युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुका है।

### भाजपा अर्बन मंडल के प्रशिक्षण वर्ग का समापन




**करनाल।** सत्य सेवा सदन, मॉडल टाउन स्थित श्री सनातन धर्म सती गीता मंदिर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत भाजपा अर्बन मंडल का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने कहा कि मजबूत संगठन, प्रशिक्षित कार्यकर्ता और सेवा का संकल्प ही राष्ट्र निर्माण की सच्ची शक्ति है। अर्बन मंडल अध्यक्ष गौरव खुराना ने बताया कि 24 घंटे का यह प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा से जोड़ने और समाज सेवा के संकल्प को मजबूत करने का महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ। संगठन की आगामी गतिविधियों और क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला संयोजक रमेश कश्यप, महापौर रेनू बाला गुप्ता, प्रदेश महासचिव अमरनाथ सौदा, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि कवीन्द्र राणा और प्रदेश प्रवक्ता वीरेंद्र सिंह चौहान ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर मदन गुर्जर, मेघा भंडारी, राजबीर शर्मा, राजेश गोयल, संजीव बजाज, अलका चौधरी, ईशम सिंह आर्य, सुनील गोयल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आश्रम में वार्षिक सत्संग व भंडारे का आयोजन



**तरावड़ी।** श्री आनंदपुर आश्रम माडल टाऊन तरावड़ी में वार्षिक सत्संग व भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें संत निर्भययुक्ता नन्द महात्मा पानीपत धाम से पधारे अपनी मधुर वाणी से भक्तों को अपने प्रवचनों मे गुरू की महिमा का बखान करते हुये कहा कि संतों द्वारा ही इंसान की जीवन रूपी नैया भवसागर पार हो सकती है। इंसान को गुरू की शरण जाना चाहिए। ना जाने कब गुरू के आशीर्वाद से जीवन रूपी नैया पार हो जाये। बाई जी ने अपने प्रवचनों मे कहा कि हमारा शरीर विकारों से भरा हुआ है। विकारों को दूर करने के लिये संस्कारों की जरूरत होती है। संस्कारों के लिये हमें अपने माता-पिता या गुरु के चरणों में जाना होगा। तभी हम विकारों को दूर कर सकते हैं। जैसे विकार दूर होंगे तो को मिलने का रास्ता नजर आएगा। इस संसार में प्रभु आने पर इंसान को गुरु नाम का ध्यान करना चाहिए। गुरु नाम ही इस भवसागर से हमें पार करवा सकता है। इस अवसर पर आश्रम की बाई जी ने भी अपने प्रवचनों से आई संगत को निहाल किया। इस सत्संग के समापन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगत संजय, यश सलूजा, सुरेश चावला, पार्षद ओमप्रकाश मल्होत्रा, पार्षद आत्म आनन्द, मेशी आन्नद, भगत यशपाल शर्मा, वेद सलूजा, साहित शहर की काफी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं उपस्थित थी।

### उद्योग व्यापार को मिली नई पहचान : प्रमोद बंसल



**तरावड़ी।** जी.वी. राइस एक्सपोर्ट प्रा. लि. तरावड़ी के सीएमडी प्रमोद बंसल ने कहा कि देश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में व्यापार और उद्योग को नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद विकास कार्यों को गति मिली है, जिसका सीधा लाभ उद्योग और व्यापार से जुड़े लोगों को भी मिल रहा है। प्रमोद बंसल ने कहा कि हरियाणा लगातार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा एक्सप्रेस-वे और सडक़ों का व्यापक जाल बिछाने से लोगों को जाम की समस्या से काफी राहत मिली है। बेहतर सडक़ और परिवहन सुविधाओं से व्यापारिक गतिविधियां तेज हुई हैं तथा उद्योगों को सामान के आवागमन में भी सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है। इन नीतियों के कारण उद्योग, व्यापार और कृषि क्षेत्र को मजबूती मिली है, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ हुई है। प्रमोद बंसल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में चारों ओर विकास कार्य हो रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में उद्योगों को बढ़ावा मिल रहा है और निवेश के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में भी विकास की यह गति इसी प्रकार जारी रहेगी और हरियाणा उद्योग व व्यापार के क्षेत्र में नई पहचान बनाएगा।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने जानलेवा हमलावर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने विकास नगर में वेस्ट कारोबारी मनीष पर गंडासी से जानलेवा हमला करने के आरोपियों राहुल निवासी गांव चमारियां जिला रोहतक व लबी निवासी गांव सिवाह जिला पानीपत हाल निवासी विकास नगर, पानीपत को गिरफ्तार किया है। सीआईए वन प्रभारी फूल कुमार ने बताया कि थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में निर्मला पत्नी रामनिवास निवासी शामड़ी सोनीपत हाल विकास नगर की शिकायत पर केस दर्ज है।

### दिव्यांग महिला से सफाई कर्मी ने दुष्कर्म किया

**समालखा।** समालखा थाना क्षेत्र के एक गांव में सफाई कर्मचारी चमकी पांडे उर्फ बादी ने घर में अकेली पाकर 45 वर्षीय दिव्यांग विवाहित महिला के साथ दुष्कर्म किया। वहीं पीड़ित महिला की शिकायत पर थाना समालखा पुलिस ने उसके बयान दर्ज किए और मेडिकल जांच करवाकर आरोपी सफाई कर्मचारी पर धारा 64 रेप और धारा 333 घर में घुसपैठ लगाई है। इधर इस केस की जांच कर रही एएसआई सरिता ने बताया कि आरोपी सफाई कर्मचारी ने दिव्यांग महिला की बेबसी का फायदा उठा कर उसके साथ दुष्कर्म किया। इधर, इस केस की एफआईआर की प्रतियां इलाका मजिस्ट्रेट और वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दी गई हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी फरार है और उसकी उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पूजा को मिला अन्नपूर्णा अवार्ड

**पानीपत।** मां सरस्वती वूमेन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में एवन पब्लिक स्कूल तहसील कैंप में कुकिंग कंपटीशन करवाया गया। वहीं, फर्स्ट अन्नपूर्णा अवार्ड पूजा वेद, सेकंड अवार्ड पूनम शर्मा, थर्ड अवार्ड रेखा मेहता दो कंसोलेशन अवार्ड साक्षी नारंग व आरती ग्रोवर ने जीता। वहीं, प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नीरू विज, मेयर कोमल सैनी, एकता, श्वेता वघवा, मां सरस्वती वूमेन वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष इंदू कुकरेजा रीता माटा, पूजा बरेजा, मीना ढींगरा, कंचन सेठी, मधु अरोड़ा, भावना सलूजा, अलका शर्मा, उषा मनुजा, किरण जिंदल, सुषमा, गीता, एवन पब्लिक स्कूल के प्राचार्य राजेश बत्रा आदि उपस्थित रहे।

### गैस के दाम बढ़ाने की निंदा की

**पानीपत।** सीपीआई के राज्य सचिव का. दरियाव सिंह कश्यप ने कहा कि भाजपा सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर के दाम 60 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़ा कर और कमर्शियल सिलेंडर पर 115 रुपये की बढ़ौतरी करके मध्यम वर्ग और आम जनता पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। उन्होंने कहा कि देश जनता पहले ही निरंतर महंगाई, बेरोजगारी की मार झेल रही है। ऐसे में घरेलू गैस के बढ़े हुए दाम आम जनता को परेशान करने का काम करेंगे।

## गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने में जुटी भाजपा सरकार

# गो पालन, सेवा व रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य: ढांडा

**गोभक्तों ने कर्मयोगी श्री कृष्ण गोशाला गांव सिवाह पर की धन वर्षा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि गो सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है और सभी लोगों को अपने सामार्थ अनुसार गोशालाओं का आर्थिक रूप से सहयोग करते रहना चाहिए। हालांकि प्रदेश में पहली बार गोशालाओं में रह रहे गोवंश के लिये चारा अनुदान राशि देने की शुरूवात तत्कालीन सीएम मनोहरलाल ने की थी। सरकार द्वारा दी जा रही चारा अनुदान राशि से गोशालाओं को आर्थिक रूप से बहुत मदद मिल रही है।

लेकिन सरकार का उद्देश्य गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाना है ताकि गोशालाओं को किसी की मदद की जरूरत ही ना पड़े। इसके लिए नस्ल सुधार करके दूध उत्पादन करना, गोबर व गोमूत्र से विभिन्न उत्पाद बनाना आदि शामिल है और सरकार गोशालाओं को



शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा को सम्मानि करते हुए गोभक्त आर्य रणदीप कादियान आदि।

आत्मनिर्भर बनाने के लिए सभी प्रयास कर रही है। मंत्री महीपाल ढांडा रविवार को कर्मयोगी श्री कृष्ण गोशाला सिवाह के 13वें स्थापना दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। समारोह में पहुंचने पर शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा का सिवाह गोशाला के संस्थापक रणदीप कादियान, प्रधान रविंद्र कादियान, चेयरमैन संदीप कादियान, उप प्रधान मनोज गोयत, सचिव राजबीर कादियान, कैशियर प्रवीन शर्मा व सह सचिव सोमदत शर्मा ने बुके देकर स्वागत और पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मंत्री महीपाल ढांडा ने सिवाह गोशाला में 21 लाख रुपये देने की घोषणा की। इसके अलावा गोशाला के संस्थापक एवं सिवाह के सरपंच प्रतिनिधि रणदीप कादियान ने 3 लाख 11 हजार, रविंद्र कादियान प्रधान ने 1 लाख 11 हजार, मनोज गोयत उप प्रधान ने 1 लाख 11 हजार, दलबीर दल्लू सिवाह ने एक लाख, आरडब्ल्यूए सेक्टर 18 प्रधान परिवार कादियान ने 1 लाख 11 हजार, जगबीर कादियान आढती सिवाह ने 1 लाख 11 हजार, डा. पवन कुमार ने 51 हजार, धनराज बंसल ने 51 हजार सहित अनेकों लोगों ने भी अपने सामथ्र्य अनुसार सहयोग राशि गोशाला में दान दी।

गोशाला महासंघ की तरफ से प्रदेशाध्यक्ष जगदीश मलिक, संयोजक कुलबीर खर्ब, प्रदेश उपाध्यक्ष राजरूप पान्नू व जिला अध्यक्ष रविंद्र कादियान ने भी मंत्री महीपाल ढांडा को सम्मानित किया। गोशाला संस्थापक रणदीप कादियान, प्रधान रविंद्र कादियान व चेयरमैन संदीप कादियान ने समारोह में पहुंचने पर सभी अतिथियों को आभार जताया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह हवन यज्ञ से किया गया और आर्य बाल भारती के वाईस प्रिंसीपल जगदीश चहल ने हवन करवाया। मंच संचालन राजबीर कादियान व आर्य स्कूल के उप प्रधान प्रदीप मलिक ने किया। ढांडा ने कहा की भाजपा सरकार गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने में जुटी है।

जयवीर भाटी व डिम्पल चौधरी की पार्टी ने भजनों द्वारा गोभक्तों का मनोरंजन किया। इस अवसर पर पानीपत मार्केट कमेटी के चेयरमैन अवतार शास्त्री, बिजेंद्र सिंह कादियान पूर्व मंत्री, जयदीप कादियान नंबरदार, सुबेदार मेजर राम सिंह, राहुल सरपंच बुडशाम, रोहतक जाट सभा प्रधान गुलाब सिंह, शौर्यवीर, जयपाल सिंह निंबरी, गुरूदेव, एसडीओ रामपाल,रतन लाल शर्मा,, जयकरण, कर्मबीर, मास्टर सुभाष सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## इंसान के मन को शांति देती है धार्मिक यात्राएं: जैन



**पानीपत।** चुलकाना धार्म के लिए श्रद्धालुओं को रवाना करते हुए समाज सेवा संगठन के अध्यक्ष प्रवीण जैन। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** समाज सेवा संगठन द्वारा खाटू श्याम चुलकाना धाम के लिए निःशुल्क बस यात्रा का शुभारंभ अध्यक्ष प्रवीण जैन ने किया। वहीं जैन ने बताया समाज सेवा संगठन की ओर से रविवार को रेलवे माल गोदाम से खाटू श्याम चुलकाना के लिए निःशुल्क बस यात्रा की शुरूआत की गई है, जो हर महीने के दूसरे रविवार को बस द्वारा निःशुल्क यात्रा जाएगी। जैन ने कहा समाज सेवा संगठन द्वारा समय समय पर वैष्णो देवी शिवखोड़ी मथुरा वृंदावन खाटू श्याम सालासर बालाजी मेंहदी पुर बाला जी दादी सती की निःशुल्क यात्रा करवाई जाती हैं। इसी कड़ी में हर महीने के दूसरे रविवार को खाटू श्याम चुलकाना के लिए निःशुल्क यात्रा की शुरूआत की गई है। जिसमें सभी यात्री परिवार की तरह यात्रा की और संगठन की ओर से जरूरतमंद बेटियों की शादी दिव्यांग को निःशुल्क हाथ रिक्शा सावन महीने में शिव भक्त के लिए एक सप्ताह का कावड़ शिविर व भंडारा लगाया जाता है व जरूरत की जगह वाटर कूलर पानीपत में पहले 39 वाटर कूलर लगाए हुए है झुग्गी झोपड़ी व स्कूलों में स्लिम बस्तियों में गर्म कपड़े वितरण करना व समय समय पर धार्मिक व सामाजिक कार्य किए जाते हैं। इस अवसर पर नीरज जैन अमित जैन अंकित माटा भोला मेहता अजय खुराना विनोद ग्रोवर मनोज गांधी जय भगवान आदि उपस्थित रहे।

### विश्व महिला दिवस मनाया

**पानीपत।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जनवादी महिला समिति, सर्व कर्मचारी संघ, सीटू, ज्ञान विज्ञान समिति,अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन, रिटायर्ड कर्मचारी संघ, दलित अधिकार मंच, प्रोग्रेसिव एडवोकेट काउंसिल, आवामी एकता मंच, किसान सभा ने संयुक्त रूप से सिवाह गांव अम्बेडकर भवन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर दीपिका, पायल, उषा सरोहा, अमरीश त्यागी, नीलम, शीतल, जिला बार प्रेसिडेंट सुरेंद्र दुहन, सतबीर चालिया, बबीता, विदुर, मंजु, पूनम, संजय, मीना, सुभाष, जोगेंद्र भोला, कविता, बेबी, मंजु, सावित्री, नीलम, रेखा आदि मौजूद रहे।

## महंगाई की मार से जनता त्रस्त : मलिक

- संगठन व जनाधार को मजबूत करने में जुटे है कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय, पानीपत (ग्रामीण) में रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रमेश मलिक ने की। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने, कांग्रेस की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा जिला में पार्टी की गतिविधियों को तेज करने को लेकर सभी पदाधिकारियों ने



कांग्रेस जिलाध्यक्ष ग्रामीण रमेश मलिक, कांग्रेसियों को संबोधित करते हुए।

विस्तार से चर्चा की। इस दौरान सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने सुझाव भी रखे और संगठन को ओर अधिक सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण विचार सांझा किए। इनके अलावा मीटिंग में आने वाले कार्यक्रमों और जनहित से जुड़े मुद्दों पर पार्टी की भूमिका को लेकर रणनीति तय की गई। बैठक में कहा गया कि कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों, मजदूरों, युवाओं और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी मजबूती से जनता की आवाज उठाती रहेगी। जिला अध्यक्ष रमेश मलिक ने कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है और कार्यकर्ताओं की एकजुटता से पानीपत (ग्रामीण) में कांग्रेस को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने महंगाई की मार से जनता परेशान है। घरेलू व कमर्शियल गैस सिलेंडर मंहगा करने की निंदा की।

## सनातन संस्कृति को अपनाने से होगी विश्व में शांतिः गिरि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बापौली

पानीपत के गांव जलालपुर प्रथम गांव के नवज्योति मॉडल स्कूल में यज्ञ के उपरांत विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ ही औपचारिक रूप से कार्यक्रम आरम्भ हुआ। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच उपस्थित वक्ताओं ने देश समाज, पर्यावरण, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्यों पर अपने विषय रखें। इधर, कार्यक्रम में मुख्य रूप से महंत पारस गिरि महाराज, डॉ. बलकार सिंह, एडवोकेट सुरेन्द्र, रामेश्वर सिंह, सुनील कौशिक, सरपंच प्रतिनिधि शिवकुमार रावल, सरपंच नवीन शर्मा, आनन्द कौशिक, मास्टर सोनू, अजय शर्मा, सत्यवान शर्मा, सुरेश आदि सहित आयोजन समिति ने अतिथियों को पटका पहना करके सम्मानित किया। इधर, कार्यक्रम में सांस्कृतिक, देशभक्ति और सामाजिक प्रस्तुतियां दी गई। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय स्वयं संघ का राष्ट्र के



विराट हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए अतिथिगण।

प्रति राष्ट्र भाव, प्रेम भाव, भक्ति भाव और त्याग को अपने संबोधन में व्यक्त करते हुए कहा कि विश्व शांति के लिए सभी देशों को सनातन धर्म की शिक्षाओं को अपनान होगा। इस अवसर पर अजय शर्मा, सीएम विंडो एनिमेट पसरन रामनिवास कौशिक, पूर्व सैनिक भोपाल ,पूर्व सैनिक वेद प्रकाश, जितेन्द्र, सतपाल, नरेश, मनोज, संदीप, प्रमोद, ओमकार, रमेश, रेखा शर्मा समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## ईरान पर हमले के विरोध में अमेरिका का पुतला फूंका



ईरान के हमले के विरोध में अमेरिका व इजराइल का पुतला जलाते हुए नागरिक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

ईरान पर हमले के विरोध में अमेरिका और इजराइल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। वहीं, प्रदर्शनकारियों ने दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के पुतले फूंके और उनके खिलाफ नारेबाजी की। इधर, गंगेरी जिला शामली यूपी से पहुंचे मैलाना सरफराज हुसैन ने कहा कि ईरान में मासूम बच्चों और बेगुनाह लोगों की हत्या किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि ईरान पर हमले के मामले में हस्तक्षेप कर दुनिया में शांति स्थापित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। हुसैन ने कहा कि आज का प्रदर्शन उन जालिमों के खिलाफ है, जिन्होंने एक साथ सैकेंड़ों मासूम बच्चियों को मौत के घाट उतार दिया। वहीं एडवोकेट इस्लाम अंसारी ने कहा कि अमेरिका व इजराइल ने ईरान पर नहीं बल्कि मानवता पर हमला किया। एमएम इस्लाम, समीर हैदर, मौलाना सम्मर अब्बास, आर हसन, नियाज हैदर, हसीनुद्दीन, सरफराज आदि मौजूद रहे।

## इंसान का पहला सुख है निरोगी काया

- पानीपत रिफाइनरी द्वारा रजापुर में मेगा मेडिकल कैंप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

अपनी निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के तहत पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव रजापुर में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की आसान पहुंच सुनिश्चित करना, आवश्यक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना था। वहीं, शिविर का उद्घाटन एमएल डहरिया, कार्यकारी निदेशक व रिफ़ाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संजय कुमार, महाप्रबंधक (मानव संसाधन), विवेक शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक, कुमारी त्रिदिशा, सहायक प्रबंधक, निकिता, अधिकारी, दलेर सिंह, सरपंच



**पानीपत।** पानीपत रिफाइनरी के अधिकारी मेडिकल कैंप में डॉक्टर्स से मिलते हुए।

प्रतिनिधि, रजापुर गांव, हेल्पेज ऑरफंस के मनन सिंगल, गगनदीप सिंह, डॉ. दीप्ति जैन, अर्जुन आदि उपस्थित रहे। पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स ने गैर सरकारी संगठन हेल्पेज ऑरफंस के साथ मिल कर इस मेडिकल हेल्थ कैंप का आयोजन किया। वहीं, कैंप में बाल रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, ईएनटी विशेषज्ञ एवं सामान्य चिकित्सक सहित विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श सेवाएं प्रदान की गईं। हमने देखा है कि इन ग्रामीण इलाकों में बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी है। स्थानीय सरपंचों से मिली जानकारी के अनुसार, अस्पतालों और योग्य डॉक्टरों की कमी के कारण गांव के लोगों को इलाज के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, स्वास्थ्य सेवाएं महंगी और कठिन हो जाती हैं। यह स्वास्थ्य शिविर इस समस्या को हल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे गांव के लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं मिल सकें। निरोगी काया इंसान का पहला सुख है, हर नागरिक को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए।

## देश की तरक्की को लैंगिक समानता जरूरी : वर्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के हुडा सेक्टर 11 व 12 में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वहीं, आशुतोष महाराज की साध्वी शिष्याएं साध्वी भावना भारती व साध्वी वर्षा भारती ने महिलाओं को उनके अधिकारों, कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और समाज में महिलाओं की भूमिका को बढ़ावा देने के लिए नारी सशक्तिकरण जरूरी है। साध्वी बहनों ने माताओं, बहनों और छोटी बच्चियों को नारी सशक्तिकरण का अर्थ बताया कि महिलाओं को सामाजिक आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षणिक अधिकार प्रदान करना है, सशक्त महिलाएं परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा, रोजगार और समान अधिकार महिलाओं को सशक्त बनाने के मुख्य साधन है।



**पानीपत।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में शिरकत करते हुए नारी शक्ति।



**पानीपत।** ब्रह्माकुमारीज के महिला दिवस कार्यक्रम का दीप जला कर शुभारंभ करते हुए विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण। फोटो : हरिभूमि

### नारी शक्ति से ही स्वर्णिम भारत का निर्माण

**पानीपत।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज, ज्ञान मानसरोवर रिट्रीट सेंटर द्वारा "वंदे मातरम – स्वर्णिम भारत" विषय पर एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माताओं-बहनों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर नारी सम्मान और स्वर्णिम भारत के संकल्प को साकार करने का संदेश दिया। वहीं, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने अपने संबोधन में नारी समाज की शक्ति है और जब महिलाओं को सम्मान, शिक्षा और संस्कार मिलते हैं तो राष्ट्र स्वतः ही उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ता है। वहीं, हमारी बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए पूरे समाज को मिलकर एक सुरक्षित वातावरण बनाना होगा। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज द्वारा महिलाओं में नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों के जागरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति समाज की आधारशिला है। जब महिलाएं आध्यात्मिक मूल्यों और संस्कारों से सशक्त बनती हैं, तब परिवार, समाज और राष्ट्र में सकारात्मक परिवर्तन संभव होता है।

### ललित हत्याकांड के तीन आरोपी पकड़े

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने बुधवार को फाग वाली रात कुटानी रोड के न्यू दलबीर नगर कालोनरी निवासी 22 वर्षीय ललित की लाठी डंडों से पीट कर हत्या करने के तीन आरोपियों अजय उर्फ घोड़ा, कर्ण व सूरज को गिरफ्तार किया है। इधर, थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में तीनों आरोपियों ने फरार अपने अन्य कई साथी आरोपियों के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकारा है। जबकि इस केस के फरार आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।पुलिस ने तीनों आरोपियों को ललित हत्याकांड की पूरी जानकारी लेने के लिए कोर्ट में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया है। ललित हत्याकांड में थाना किला में कुटानी रोड न्यू दलबीर नगर निवासी पवन पुत्र गौरी शंकर की शिकायत पर केस दर्ज है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर गांव करसिंधु में कार्यक्रम आयोजित

# नारी सशक्तिकरण से भारत बनेगा विकसित राष्ट्रः डॉ. नैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर गांव करसिंधु में आयोजित कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. नवीन नैन भालसी व प्रवेश शर्मा एनआरआई (दुबई) ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। डॉ. नवीन नैन भालसी ने कहा कि भारत में आधी आबादी महिलाओं की है। वहीं भारत को विकसित व आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लिए नारी सशक्तिकरण जरूरी है। उन्होंने कहा कि हर अभिभावक अपनी बेटियों को शिक्षित कर उसे विकास के अवसर उपलब्ध करवाए। उन्होंने



**पानीपत।** अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. नवीन नैन भालसी व प्रवेश शर्मा, नारी शक्ति को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

नारी शक्ति से शिक्षित होकर स्वरोजगार कर देश के विकास में अपना योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए सिलाई सेंटर जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलता है और समाज में उनकी भागीदारी और सम्मान भी बढ़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि नारी सशक्तिकरण के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण केंद्रों की आवश्यकता पूरे देश और प्रदेश में है।

### महिलाओं को रोजगार से संबंधित प्रमाण पत्र प्रदान किए

इस अवसर पर श्री श्याम सुंदर जागरण मंच द्वारा गांव करसिन्धु में संचालित सिलाई सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को सिलाई मशीनें एवं रोजगार से जुड़े प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, ताकि वे अपने कौशल के माध्यम से आत्मनिर्भर बन सकें और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकें। इस अवसर पर सिलाई सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को सिलाई मशीनें व रोजगार से संबंधित प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, ताकि वे अपने कौशल के आधार पर आत्मनिर्भर बन सकें और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकें। इस अवसर पर नरेश बराड, रविन्दर सरपंच करसिंधू, रमेश बराड सरपंच सरनाखेडी, अनिल खर्ब, विजय दुहन समेत बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 100 मीटर दौड़ अंडर-13 वर्ग में रितु ने मारी बाजी शिवानी को मिला दूसरा स्थान

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर खेल मंत्रालय की ओर से खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर युवा मामले और खेल मंत्रालय के मार्गदर्शन व माई भारत और भारतीय खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अंबाला शहर के सेक्टर-10 स्थित अम्बाला शहर खेल स्टेडियम में आयोजित किया गया। इसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थानों से बालिकाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को खेल, फिटनेस तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना और खेलों में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारतोलन में अंतरराष्ट्रीय मेडलिस्ट मधु थापा रहीं। उनहोंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल महिलाओं के आत्मविश्वास, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को भविष्य में भी खेलों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में खेल विभाग से राम स्वरूप, स्पोट्र्स स्टेडियम इंचार्ज रविंद्र खत्री, खेल इंडिया कोच तेजवीर, बॉस्केटबाल कोच सतीश हुड्डा, लोन टेनिस कोच सुखचेन सिंह का विशेष सहयोग रहा। प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ का आयोजन अंडर-13, अंडर-18 तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्गों में किया गया। विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए पदक तथा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। 100 मीटर दौड़ में अंडर-13 वर्ग में प्रथम रितु, द्वितीय शिवानी, तृतीय माया रही। अंडर-18 वर्ग में प्रथम सोनाक्षी, द्वितीय कमलजोत, तृतीय अग्रिम रही। प्रतियोगिता में 18 वर्ष से अधिक वर्ग में प्रथम मनप्रीत कौर, द्वितीय भाव्या तंवर, तृतीय अनु यादव रहीं। इसी प्रकार 200 मीटर दौड़ में अंडर-13 वर्ग में प्रथम रितु, द्वितीय शिवानी तथा तृतीय मान्या रहीं। प्रतायोगिता के क्रम में अंडर-18 वर्ग में प्रथम सोनाक्षी, द्वितीय कमलजोत कौर, तृतीय जसकीरत रही। इसी प्रकार 18 वर्ष से अधिक वर्ग में प्रथम मनप्रीत कौर , द्वितीय प्रीति तथा तृतीय योगिता रहीं। प्रतियोगिता में 400 मीटर दौड़ में अंडर-13 वर्ग में प्रथम रितु, द्वितीय लाव्या, तृतीय माया रहीं। इसी प्रकार अंडर-18 वर्ग में प्रथम अग्रिमा, द्वितीय एंजेल, तृतीय कीर्ति रहीं। प्रतियोगिता के क्रम में 18 वर्ष से अधिक वर्ग में प्रथम मनप्रीत, द्वितीय नेहा, तृतीय जैस्मीन तथा अमृता रहीं। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों में खेल के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम महिलाओं को खेलों के माध्यम से आत्मविश्वास, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।





अंबाला। विजेताओं को सम्मानित करते हुए व दौड़ स्पर्धा में हिस्सा लेती युवतियां।

## महिलाओं को दया नहीं, अधिकार चाहिएं महिलाओं और नाबालिग बच्चियों के यौन शोषण में शामिल ताकतवर लोगों पर सख्त कार्रवाई हो



अंबाला। बार काउंसिल पंजाब एंड हरियाणा के चुनाव में पहली बार सशख्त उम्मीदवार के तौर पर मैदान में डटी एडवोकेट सुनीता कलसन ने कहा कि महिला दिवस केवल औपचारिक बधाइयों और कार्यक्रमों का दिन नहीं है बल्कि यह दिन महिलाओं और खासकर नाबालिग बच्चियों के खिलाफ हो रहे अन्याय, शोषण और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने का दिन है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में भी महिलाएं जाति, रंग, वर्ग और आर्थिक हैसियत के आधार पर अपमान और हिंसा का शिकार हो रही हैं, जो सभ्य समाज के लिए एक गंभीर सवाल है। नेशनल अलायंस फॉर दलित ह्यूमन राइट्स की सह संयोजक एडवोकेट सुनीता कलसन अंबाला के वकीलों से समर्थन की अपील करते हुए बोल रही थी। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में सामने आई एप्सटीन फाइल ने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया है। इन खुलासों से यह स्पष्ट हुआ कि दुनिया के कई बड़े और प्रभावशाली लोग नाबालिग बच्चियों और महिलाओं के यौन शोषण जैसे जघन्य अपराधों में शामिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल अपराध नहीं बल्कि मानवता के खिलाफ संगठित अत्याचार है। ऐसे सभी लोगों के खिलाफ बिना किसी दबाव और पक्षपात के कठोर कार्रवाई होनी चाहिए, चाहे वे कितने ही प्रभावशाली क्यों न हों। कलसन ने कहा कि भारत में महिलाओं की स्थिति को लेकर बड़ी-बड़ी बातें तो की जाती हैं लेकिन जमीनी हकीकत बेहद कड़वी है। कामकाजी महिलाओं को आज भी कार्यस्थलों पर यौन शोषण, मानसिक उत्पीड़न और दबाव का सामना करना पड़ता है। कई बार महिलाएं अपनी नौकरी बचाने के लिए अपने आत्मसम्मान और स्वाभिमान से समझौता करने को मजबूर हो जाती हैं, जो पूरे समाज के लिए बेहद चिंताजनक स्थिति है। उन्होंने कहा कि मजदूरी के क्षेत्र में भी महिलाओं के साथ खुलेआम आर्थिक शोषण हो रहा है। उनसे पुरुषों के बराबर या उससे अधिक काम लिया जाता है, लेकिन मजदूरी कम दी जाती है। यह स्थिति आज भी महिलाओं को दूसरे दर्जे का नागरिक मानने वाली मानसिकता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि दलित महिलाओं की स्थिति और भी अधिक चिंताजनक है। हरियाणा सहित कई राज्यों में दलित महिलाओं के खिलाफ यौन अपराधों के मामले सामने आते रहते हैं, लेकिन मुकदमे दर्ज होने, जांच और दोषियों को सजा मिलने के मामलों में बेहद निराशाजनक स्थिति दिखाई देती है। कम कन्विक्शन रेट यह दर्शाता है कि व्यवस्था कमजोर वर्ग की महिलाओं को न्याय देने में गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अब यह समझना होगा कि जब तक वे जाति और धर्म के नाम पर बंटी रहेंगी, तब तक राजनीति के नाम पर उनका इस्तेमाल होता रहेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अब दया नहीं बल्कि अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करना होगा। महिलाओं को अब सहानुभूति नहीं, न्याय चाहिए; दया नहीं, अधिकार चाहिए; और प्रतीकात्मक सम्मान नहीं बल्कि वास्तविक समानता चाहिए।

## खबर संक्षेप



### नीलगाय के आतंक से फसल की हो रही बर्बादी

पिहोवा। क्षेत्र में नीलगाय के बढ़ते प्रभाव से किसान गहरी चिंता में है, नीलगाय अक्सर झुंडो में आती हैं ओर फसल को चर कर पूरी तरह बर्बाद कर देती हैं। गांव सारसा, भैंसी माजरा, मुर्तजापुर, बीबीपुर, संधोला, संधोली, भोर स्यादा, गडी सिंघा सहित अनेक गाव के किसान इन नीलगाय से भारी परेशान है, किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि नीलगाय को कहीं उचित स्थान पर छोड कर इस समस्या से निजात दिलाया जाए। किसान बलवान सिंह, रोशन लाल, रघबीर सिंह, महावीर सिंह, गुरनाम सिंह, रोहतास, बबलू, टोनी, शमशेर सिंह व धर्मवीर सहित अनेक किसानों ने बताया कि दिन का उजाला हो या रात का अंधेरा, नीलगाय की गतिविधियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। खेतों में लहलहाती फसल देखकर किसान जहां खुश होते हैं, वहीं नीलगाय का कहर उनकी खुशी को पल भर में गम में बदल देता है।



### टीम इंडिया की जीत के लिए पिहोवा में हवन

पिहोवा। भारतीय क्रिकेट टीम के आज न्यूजीलैंड के साथ होने वाले फाइनल मुकाबले को लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल है। वर्ष 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचा था और अब एक बार फिर कप्तान सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में टीम इंडिया इतिहास दोहराने के लिए मैदान में उतर रही है। इसी को लेकर पिहोवा के श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर में कल से ही विशेष पूजा-अर्चना और यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर के महंत श्री विश्वनाथ गिरी जी महाराज ने स्वयं ब्राह्मणों के साथ मिलकर विधिवत पूजा-अर्चना व यज्ञ कराया और भगवान भोलेनाथ से भारतीय टीम की जीत की कामना की।



### देश में आज भी महिलाएं सुरक्षित नहीं : उषा कुमारी

कुरुक्षेत्र। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्थानीय मदन लाल ढींगरा पार्क में एक जनसभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन जन संघर्ष मंच हरियाणा, मनरेगा मजदूर यूनियन व निर्माण कार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जनसभा के बाद महिलाओं ने जोरदार नारे लगाते हुए शहर के मेन बाजार, कच्चा घेर, अम्बेडकर चौक पर प्रदर्शन किया। जनसभा का संचालन कविता विद्रोही ने किया। सभा में सबसे पहले कल सफीदों में एक रंग फैक्ट्री में आग लगने से पांच महिला मजदूरों की दर्दनाक मौत पर दो मिनट का मौन रखा गया।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर स्टाफ नर्स रेणू ने किया 37वीं बार रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। रक्तदान करती स्टाफ कर्मचारी।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से नागरिक अस्पताल अंबाला शहर व अम्बाला छावनी में नारी शक्ति रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ब्लड बैंक की टीम ने रक्त एकत्रित करने का काम किया।

सिविल सर्जन डॉ. रेनू बेरी ने कहा कि रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान है। एक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान करके हम अमूल्य जिन्दगीयों को बचा सकते हैं। उन्होनें यह भी कहा कि रक्त की पूर्ति केवल मानव शरीर से ही सम्भव है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आज नारी शक्ति रक्तदान शिविर का आयोजन किया है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की महिला स्टॉफ के साथ-साथ अन्य महिलाओं ने आगे आकर स्वेच्छा से रक्तदान किया हैं। इस मौके पर स्टॉफ नर्स रेनू ने 37वीं बार रक्तदान किया। संगीता ने पहली बार रक्तदान करते हुए अन्य को भी रक्तदान हेतू प्रेरित किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि आज महिलाओं को हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का सुनहरा अवसर मिल रहा है तथा महिलाएं भी अपनी प्रतिभा का लौहा मनवाते हुए देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रही है।

# चौड़मस्तरपुर में फर्स्ट रेफरल यूनिट शुरू

*पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल बोले गर्भवती महिलाओं का जरुरत पड़ने पर होगा सीजेरियन ऑप्रेशन*

■ आंखों की बीमारियों की भी होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। फर्स्ट रेफरल यूनिट की सुविधाओं का जायजा लेते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौड़मस्तपुर में फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) व नेत्र रोग ओपीडी का रिबन काटकर शुभारंभ किया। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर सिविल सर्जन डॉ. रेनू बेरी व अन्य चिकित्सकों ने पुष्पगुच्छ देकर भव्य अभियनंदन किया। इस अवसर पर डीजी एनएचएम डॉ. वीरेंद्र यादव विशेष रूप से मौजूद रहे। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने इस मौके पर उपस्थित सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में लडक़ों से पीछे नहीं हैं। हर क्षेत्र में वह अपनी प्रतिभा का लौहा मनवा रही हैं। नारी तो नरायणी है। उन्होंने यह भी कहा कि हम सबके लिए विशेषकर इस क्षेत्र के लोगों के लिए गर्व की बात है कि यहां पर सामुदायिक भवन में फर्स्ट रेफरल यूनिट का उद्घाटन व नेत्र रोग ओपीडी का शुभारंभ हुआ है।

### गर्भवतियों को मिलेगा लाभ

असीम गोयल ने कहा कि इस एफआरयू के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को लाभ होगा। यदि किसी स्थिति में गर्भवती महिला का सीजेरियन ऑप्रेशन की जरूरत होगी वो यहां पर हो सकेगा। उन्होंने कहा कि यहां पर सभी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं। इन चिकित्सा सुविधाओं में यह सुविधा भी जुड़ गई हैं। इसके साथ-साथ यहां पर नेत्र रोग ओपीडी की सौगात भी क्षेत्रवासियों को मिली हैं। यहां पर सप्ताह में दो दिन नेत्र रोग चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। इसके साथ-साथ सिविल सर्जन डॉ. रेनू बेरी खुद वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ हैं। वे भी सप्ताह के हर तीसरे शनिवार को दो घंटे यहां पर अपनी सेवाएं देंगी। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने इस मौके पर यह भी कहा कि इन सुविधाओं के साथ-साथ यहां ब्लड स्टोरेज यूनिट की भी सुविधा मिलेगी।

# आईएएस मुकुल जिंदल को पूर्व राज्यमंत्री ने दी बधाई, कहा-गर्व से सीना हुआ चौड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण कर 243वां रैंक हासिल कर अंबाला छावनी के मुकुल जिंदल को पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने उसके घर पर जाकर पूरे परिवार को उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उन्होंने इस अवसर पर मुकुल जिंदल का मुंह मीठा करवाकर उन्हें बधाई भी दी। पूर्व राज्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि युवाओं का सरकार के प्रति विश्वास बढा है। उनके सपने भी साकार हो रहे है, युवा कड़ी मेहनत करके अपने जीवन रूपी लक्ष्यों को भी प्राप्त कर रहें है। युवाओं को बिना खर्ची-पर्ची व पारदर्शी तरीके से नौकरियां मिल रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में लगभग 2 लाख युवाओं को नौकरियों मिली हैं। युवाओं के हित भी सुरक्षित हुए हैं। युवा भी अपनी प्रतिभा का लौहा मनवाते हुए देश व प्रदेश में नाम रोशन कर रहें है। मुकुल जिंदल ने भी यूपीएससी परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक में 243वां रैंक हासिल कर अंबाला छावनी का नाम रोशन किया है। बता दें कि मुकुल जिंदल ने अपनी स्कूली शिक्षा आर्मी पब्लिक स्कूल से पूरी की है। इसके बाद उन्होंने बिट्स पिलानी (बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्रोलॉजी एंड साइंस) से मकैनिकल इंजिनियरिंग से बीटेक किया है। परिवार के साथ-साथ अन्य सभी में मुकुल जिंदल की इस उपलब्धि को लेकर नाज है।

# बिना खर्ची पर्ची के सपने हो रहे पूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। आईएएस मुकुल जिंदल व उनके परिवार को बधाई देते पूर्व राज्यमंत्र।

यूपीएससी की परीक्षा में 118वां रैंक हासिल करने चिंराशु तनेजा को भी पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल घर पर जाकर उन्हें व परिवार को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उन्होंने इस अवसर पर चिरांशु तनेजा का मुंह मीठा करवाकर कहा कि युवाओं के सपने साकार हो रहे हैं। बिना खर्ची-पर्ची व पारदर्शी तरीके से युवाओं को नौकरियां मिल रही हैं। युवा भी अपनी प्रतिभा का लौहा मनवाते हुए देश व प्रदेश में नाम रोशन कर रहें है। बता दें कि चिरांशु तनेजा ने शुरूआती पढाई मुरलीधर डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंबाला शहर से की हैं। स्कूली शिक्षा के बाद उन्होंने आईआईटी मुंबई से इलेक्ट्रिक्ल इंजीनियरिंग से पढाई की है। 2022 बैंच से स्नातक की डिग्री हासिल की। चिरांशु ने गेट 2023 परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 2 प्राप्त की। इसी के साथ यूपीएससी इंजीनियरिंग सर्विसेज 2023 में भी उन्होंने एआईआर 2 हासिल किया था। चिरांशु इससे पहले यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 के माध्यम से भारतीय रेलवे प्रबधंन सेवा में भी चयनित हो चुके हैं। वर्तमान में वह उर्जा मंत्रालय में सहायक निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा, मनीष आनंद मन्नी, अर्चना छिब्बर, भी मौजूद रही।

# मकान की खरीद फरोख्त में महिला से 4.30 लाख की ठगी

■ नारायणगढ़ पुलिस ने रसूलपुर गांव की ममता व उसके पति पवन कुमार पर धोखाधड़ी की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मकान बेचने का झांसा देकर यमुनानगर के गडौली की पूजा से 4.30 लाख की धोखाधड़ी हो गई। आरोपी पति-पत्नी ने मकान बेचने का झांसा देकर महिला से रुपये लिए। तय समय पर रजिस्ट्री करवाने के जगह भाग गए। नारायणगढ़ पुलिस ने रसूलपुर गांव की ममता व उसके पति पवन कुमार पर धोखाधड़ी की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पीड़िता विधवा महिला पूजा ने बताया कि रसूलपुर गांव की ममता व उनके पति पवन कुमार से मकान खरीदने का सौदा 5 जुलाई 2024 को किया था। आरोप लगाया कि 4 लाख 30 हजार रुपये बयाना राशि के रूप में दिए थे। रजिस्ट्री की आखिरी तारीख 31 दिसंबर 2025 तय की गई थी। वह सभी दस्तावेजों के साथ तहसीलदार कार्यालय पहुंची लेकिन आरोपी नहीं आए। अब पुलिस आरोपियों को तलाश रही है। पुलिस की मानें तो जल्द ही आरोपियों को काबू किया जाएगा।

### 10 को अमरीका से ट्रेड डील के विरोध में निकालेंगे ट्रैक्टर मार्च

कैथल। भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) की हल्का कार्यकारिणी पुंडरी की बैठक किसान भवन पुंडरी मे हल्का अध्यक्ष रणधीर बरसाना की अध्यक्षता मे हुई,जिसमें हल्का कार्यकारिणी के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक मे युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट व जिला अध्यक्ष गुरनाम सिंह फरल ने विषेश रूप से भाग लिया। बैठक का संचालन युवा जिलाध्यक्ष विक्रम दुसैण ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए,युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम कसाना ने कहा कि 10 मार्च को पूरे देश में तहसील स्तर पर इस ट्रेड डील के विरोध में ट्रैक्टर मार्च निकालकर विरोध किया जाएगा। जिला कैथल मे भी पुंडरी,कैथल, गुहला,कलायत मे भी किसान ट्रैंड डील के विरोध मे ट्रैक्टर मार्च निकाल कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। जिसको लेकर बैठक मे किसानो को ज्यादा से ज्यादा ट्रैक्टर लेकर आने की अपील की गई ओर 23 मार्च को शहीद ए आज़म भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के शहादत दिवस पर अनाज मंडी पिपली (कुरुक्षेत्र) में किसान- मजदूर जन क्रांति रैली आयोजित की जाएगी जिसमें प्रदेश एवं देश भर से किसान मजदूर व सामाजिक संगठन भाग लेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

डीसी अजय सिंह तोमर बोले, दिव्यांगों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य

# 38 दिव्यांगों को मिले कृत्रिम अंग, अब जिंदगी होगी आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर



शहजादपुर। दिव्यांग से बातचीत करते डीसी अजय सिंह तोमर व अन्य।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि दिव्यांगों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। समाज के जरूरतमंद और अंगविहीन लोगों को कृत्रिम अंग उपलब्ध करवाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना एक अत्यंत सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यों में समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आकर सहयोग करना चाहिए, ताकि दिव्यांग भी सम्मान और आत्मविश्वास के साथ अपना जीवन व्यतीत कर सके। उपायुक्त नारायण सेवा संस्थान उदयपुर द्वारा आयोजित निशुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने संस्थान के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था लंबे समय से दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि समाज के निर्धन एवं जरूरतमंद दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग उपलब्ध करवाने से उनका जीवन काफी हद तक आसान हो जाता है। कृत्रिम अंग मिलने से दिव्यांगजन अपने अधिकतर दैनिक कार्य स्वयं कर सकते हैं। आत्मनिर्भर बनकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य समाज में मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करते हैं। दूसरों को भी प्रेरणा देते हैं। उपायुक्त ने बताया कि शिविर में 38 दिव्यांगजनों को कृत्रिम हाथ-पैर लगाए गए हैं जिससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए नारायण सेवा संस्थान और सहयोग करने वाले सभी लोगों की सराहना की। भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। बता दें कि अंगविहीन दिव्यांग लोगों के लिए निशुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर का आयोजन सैनी धर्मशाला में किया गया था। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद दिव्यांगजनों को कृत्रिम हाथ-पैर प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और समाज की मुख्यधारा से जोडऩा है। शिविर के दौरान योग्य दिव्यांग व्यक्तियों का पंजीकरण और परीक्षण विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया गया। चयनित दिव्यांगजनों को संस्थान की ओर से कृत्रिम अंग उपलब्ध करवाए गए।

### दिव्यांगजनों को पहुंचाया जा रह लाभ

इस अवसर पर डॉ. अनिरुद्ध भूषण सैनी ने उपायुक्त अजय सिंह तोमर व एसडीएम शिवजीत भारती को बताया कि इस शिविर के माध्यम से दिव्यांगजनों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि वे अपने दैनिक जीवन के कार्य आसानी से कर सकें। इस अवसर पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने शिविर में उपस्थित दिव्यांगजनों से बातचीत भी की। उनके अनुभव जाने। उन्होंने कहा कि कृत्रिम अंग मिलने से उनका जीवन पहले की तुलना में काफी आसान हो जाएगा और वे अपने कार्य स्वयं कर सकेंगे। कार्यक्रम के नंबरदार सुरेश पाल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों को फूलों के गुलदस्ते, शॉल, स्मृति चिह्न और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। नारायण सेवा संस्थान के राष्ट्रीय शाखा प्रमुख डॉ. विवेक गर्ग ने संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि कैथल में दिव्यांगजनों के लिए अस्पताल, कंप्यूटर प्रशिक्षण कोर्स, मोबाइल रिपेयरिंग तथा सिलाई केंद्र भी संचालित किए जा रहे हैं जिनसे दिव्यांगजन आत्मनिर्भर बन रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. बाल कृष्ण शर्मा, डॉ. अमित नैयर, समाजसेवी बुधराम, विनोद सैनी, संयोजक मा. सुखदेव राज, राजेश वालिया, डॉ. राजरानी गर्ग, कुलभूषण सैनी, सौरभ शर्मा भी उपस्थित रहे।